# अग्रसेन विहान

## समाचार पत्रिका

जून 2023 – मई 2024






श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित

## श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज

बुलानाला/परमानन्दपुर, वाराणसी

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner





# अग्रसेन विहान

## समाचार पत्रिका

जून 2023 – मई 2024

प्राचार्य
**प्रो. मिथिलेश सिंह**

परामर्शदाता
**प्रो॰ ओ॰पी॰ चौधरी**

संपादक
**डॉ॰ सुमन सिंह**

सह–संपादक
**श्रीमती शोभा प्रजापति**
**डॉ॰ प्रिया भारतीय**
**श्रीमती मेनका सिंह**

श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित

**श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज**

बुलानाला/परमानन्दपुर, वाराणसी

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner



## प्रबंधक की कलम से...

असीम हर्ष का विषय है कि श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए **अग्रसेन विहान** समाचार पत्रिका के **'संयुक्तांक'** का प्रकाशन उत्तरोत्तर कर रहा है।

महाविद्यालय छात्राओं के ज्ञानार्जन के साथ ही नैसर्गिक प्रतिभा की प्रगति हेतु दृढ़ संकल्पित है। इस सार्थक एवं अभिनव पहल हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह, समस्त शिक्षकगण एवं सम्पादक मण्डल के प्रति मैं शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ। मैं महाविद्यालय पत्रिका प्रकाशन के इस पुनीत कार्य की सराहना करती हूँ। आशा करती हूँ कि यह पत्रिका महाविद्यालय एवं छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

नई सोच, नई उम्मीद, नए उत्साह के साथ यह पत्रिका उत्तरोत्तर अग्रसर होती रहे,

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ.....

**डॉ. मधु अग्रवाल**
(प्रबंधक)



श्री काशी अग्रवाल समाज द्वारा संचालित
श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज
बुलानाला/परमानन्दपुर, वाराणसी
महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय



## प्राचार्य की कलम से...

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय का भौगोलिक, ऐतिहासिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक वातावरण स्वयं में अनूठा है। महाविद्यालय के विविध अनुशासनों, गतिविधियों, सांस्कृतिक, एवं अन्वेषण सम्बन्धी उपलब्धियों के साथ-साथ सर्जनात्मक संकल्पनाओं का दर्पण भी है एवं विशिष्ट ज्ञान केन्द्र के रुप में विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु समर्पित संस्था प्रदेश के सुपरिचित संस्थानों में अग्रणी अपने लक्ष्य की ओर लगातार उन्मुख है।

अत्यन्त हर्ष के साथ मैं विदित कराना चाहती हूँ कि सत्र 2017-18 और 2018-19 की बहुप्रतीक्षित बी.वॉक. की उपाधि (डिग्री) महाविद्यालय की छात्राओं को महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ द्वारा प्रदान की गई। मैं महाविद्यालय के सभी सहयोगियों को हृदय से आभार एवं शुभकामनाएं देती हूँ तथा अपेक्षा करती हूँ कि शिक्षा पटल पर आपके योगदान के माध्यम से छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो जिससे समाज का कोना-कोना आलोकित होता रहे।

किसी भी महाविद्यालय की पत्रिका का प्रकाशन उस संस्था की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल आदि गतिविधियों के साथ-साथ विशिष्ट उपलब्धियों का भी प्रतिबिम्ब होता है। इसी मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा विगत वर्षों से **अग्रसेन विहान** समाचार पत्रिका के **संयुक्तांक** का प्रकाशन किया जा रहा है। जो महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी संकलन है। यह पत्रिका शैक्षिक उपलब्धियों एवं विशिष्ट गतिविधियों के प्रति जागरूकता का परिचायक है। मैं महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देती हूँ कि महाविद्यालय सदा नई ऊँचाइयों को छूता रहे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय की प्रगति एवं उत्कर्ष हेतु आपका सकारात्मक सहयोग एवं योगदान प्राप्त होता रहेगा। महाविद्यालय प्रशासन तथा समस्त प्राध्यापकगण एवं अध्ययनरत छात्राओं को हृदय से साधुवाद!

छात्राओं को नवीन सत्र की शुभकामनाओं के साथ.....

**प्रो. मिथिलेश सिंह**
(प्राचार्य)



Scanned with OKEN Scanner

## संपादक की कलम से...



आस्था, अध्यात्म,
जीवन-यथार्थ गंगा की अविरल धारा को नमन......

सृष्टि के अप्रतिम एवम् अद्भुत सौंदर्य को सहजता प्रदान करने का एकमात्र माध्यम है वाणी या कहिए अभिव्यक्ति सर्वविदित है कि अभिव्यक्ति में ही वह शक्ति निहित है जो अतीत की स्मृतियों से आच्छादित होकर वर्तमान की चुनौतियों को पार कर भविष्य के स्वपन को साकार कर सके। हमारे महाविद्यालय की समाचार पत्रिका अग्रसेन विहान भी महाविद्यालय परिवार के विविध भावनाओं एवम् शैक्षणिक गतिविधियों की अभिव्यक्ति है। पूर्ण विश्वास है कि इसके प्रकाशन से महाविद्यालय स्वयं को व्यापक मार्गदृष्टा के रूप में प्रशस्त कर सकेगा। अतीत ही वर्तमान का आधारशिला होता है। अतः वर्तमान समय में नई शिक्षा नीति भी अतीत के गौरव को शिक्षा जगत में पुनः स्थापित करने हेतु उद्धत है, नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देकर छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्मुख है।

इस पत्रिका के माध्यम से भी अध्ययन के साथ क्रीड़ा, राष्ट्र एवम् समाजसेवी, सांस्कृतिक- कलात्मक प्रदर्शन तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में छात्राओं की सहभागिता को संकलित कर संरक्षित करने का दायित्व संपादक मंडल द्वारा निभाया गया है।

हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ अपनी प्राचार्य परम आदरणीय प्रो. मिथिलेश सिंह जी का जिन्होंने सदा मुझे इस कार्य को संपादित करने हेतु समय-समय पर मार्गदर्शित एवम् प्रोत्साहित किया तथा प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ जिनका आशीष मुझे प्राप्त हुआ। आभारी हूं डॉ. प्रिया भारतीय एवं श्रीमती मेनका सिंह का जिन्होंने इस कार्य में मुझे अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह पत्रिका महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वृंद के सामूहिक उद्यम का प्रतिफल है। इस सराहनीय सहयोग के लिए सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूँ अनुज आशीष अग्रवाल (व्यवस्थापक, रेलवे टाइम टेबल ऑफिस) और उनके सहयोगी अनुज कन्हैया यादव का जिनका पूर्ण सहयोग रहा इस पत्रिका को प्रकाशित करने में।

हमारी छात्राएं सदा नई सोच, नव ज्ञान, नव निर्माण की ओर अग्रसर रहें इसी भाव के साथ...!

**डॉ. सुमन सिंह**
(असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी)



75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

## एक हरित भविष्य के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद होना आवश्यक

**- प्रो. मिथिलेश सिंह**

महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं एन. सी.सी. की 100 यू .पी.बटालियन द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर 'ऊर्जा का संरक्षण एवं प्राकृतिक स्रोत' नामक विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने वृक्षारोपण करने के साथ ही 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर इस वर्ष की थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' पर चर्चा करते हुए कहा कि विश्व में प्रतिवर्ष 400 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसका दुष्प्रभाव न केवल हमारे ही स्वास्थ्य पर पड़ता है अपितु यह पृथ्वी के स्वास्थ्य को भी दुष्प्रभावित करता है। अत: एक हरित भविष्य के लिए इसका उपयोग बंद होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ॰ जगदीश सिंह दीक्षित ने वृक्षारोपण के साथ ही पर्यावरण की महत्ता बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षित है तो हमारा जीवन सुरक्षित है। आजादी के अमृत महोत्सव की सह समन्वयक डॉ॰ नंदिनी पटेल ने ऊर्जा संरक्षण एवं प्राकृतिक स्रोत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व एवं भारत में ऊर्जा संसाधन सीमित है, यदि इसे संरक्षित नहीं किया गया तो हम अपने आने वाली पीढ़ी को क्या उत्तर देंगे। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ॰ सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम 5 वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए और प्राकृतिक स्रोतों को संरक्षित करना चाहिए। एन. सी.सी. 100 यू.पी.बटालियन कि लेफ्टिनेंट उषा बालचंदानी ने कहा कि पौधे मानव जीवन की अमूल्य निधि है। यह हमारे जीवन में उसी प्रकार महत्वपूर्ण है जिस प्रकार हमारे बच्चे। इस दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं तथा एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय में, अपने घरों एवं गांवों में पौधे लगाकर एवं पोस्टर प्रदर्शनी के द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो॰ आभा सक्सेना, डॉ॰ सरला सिंह, श्रीमती सरोज भास्कर, श्रीमती माधुरी यादव, श्री सुजीत सिंह, सुनील कुमार पटेल, अफजल, श्रीमती रीता एवं श्रीमती लक्ष्मी उपस्थित रही।





Scanned with OKEN Scanner

# योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग



महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं 100 बटालियन एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने की तथा 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' के लिए योग के अंतर्गत एक विश्व, एक परिवार तथा एक भविष्य की चर्चा की और कहा कि वैश्विक शांति और सद्भाव को बढ़ाने में योग की अहम भूमिका है। योग भारत के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि योग भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग है। योग आध्यात्मिक शक्तियों को ओजस्वी करने की प्रक्रिया है। मुख्य अतिथि डॉ.. मुकेश कुमार पंथ सचिव, क्रीड़ा परिषद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने अपने वक्तव्य में कहा कि दीर्घायु एवं प्रसन्न जीवन के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने योग प्रक्रिया के अंतर्गत 'समस्या, समस्या के कारण और समाधान' तीन चरणों की चर्चा की और अष्टांग योग के अंतर्गत ध्यान में साक्षी भाव के व्यवहारिक पक्ष को बताया। योगाचार्य श्री बब्बन तिवारी ने योग की प्राचीनता की चर्चा करते हुए भारत भूमि को उसकी जननी कहा और ऋषि पतंजलि के योग दर्शन पर प्रकाश डालते हुए अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) के विषय में बताया एवं विभिन्न योगासन महाप्राण ध्वनि, भ्रामरी, हस्त चिकित्सा, कपालभाति, कुक्कुटासन, हास्यासन, वज्रासन, अनुलोम विलोम, धनुरासन, पर्वतासन, ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार इत्यादि कराया। इसके साथ ही विभिन्न बीमारियों के निवारण में इन योगासनों के लाभ को बताया। डॉ. जे.पी. शर्मा ने शीर्षासन, चक्रासन, सेतुबंध आदि योगासन कराते हुए स्वस्थ जीवन हेतु योग के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से विभिन्न योगासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए.द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रतिष्ठा यादव ने किया और आज के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग मनाएं जाने के कारण एवं उसके उद्देश्यों के विषय में बताया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. आभा सक्सेना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. सुमन मिश्रा, प्रो. अनिता सिंह, प्रो. ओ.पी. चौधरी, प्रो. रमा पांडे, प्रो. कुमुद सिंह, डॉ. मृदुला व्यास, लेफ्टिनेंट उषा बालचंदानी, डॉ. नंदिनी पटेल, डॉ. श्रृंखला, डॉ. उषा चौधरी,



डॉ. सोनम चौधरी, डॉ. वंदनी, डॉ. प्रिया भारती, डॉ. सुधा यादव, श्रीमती साधना यादव, श्रीमती दुर्गा गौतम, श्रीमती शोभा प्रजापति, डॉ. कंचन माला यादव, डॉ. मनीषा सिन्हा, सुश्री श्रद्धा वर्मा, डॉ. विभा सिंह, डॉ. बृजेश पांडे, डॉ.. दीपा अग्रवाल, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी इत्यादि अनेक प्रवक्ता गण, कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं अधिक संख्या में छात्राओं ने योग किया।



# रुद्राभिषेक के साथ सत्रारम्भ



महाविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सत्र का आरंभ सावन का प्रथम सोमवार, 17 जुलाई, 2023 को रुद्राभिषेक के भव्य आयोजन के साथ हुआ। इसमें मिट्टी के 108 शिवलिंग बनाए गए एवं ओम नमः शिवाय तथा राम–राम लिखे विल्व पत्रों से शिवलिंग का श्रृंगार किया गया। 11 डमरूओं की थाप से शिव की अर्चना की गई जिससे महाविद्यालय का प्रांगण गुंजायमान हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार अग्रवाल 'रुद्रा', प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री डॉ॰ रूबी शाह, श्री संतोष अग्रवाल 'कर्णघंटा', प्रधानमंत्री, श्री राकेश जैन, समाज मंत्री, श्री संतोष अग्रवाल 'हरेकृष्ण', सभापति, श्री पंकज अग्रवाल 'ब्रह्म घाट', श्री अरविंद जैन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने छात्राओं एवं महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना के संकल्प के साथ रुद्राभिषेक संपन्न किया। प्रो॰ मिथिलेश सिंह ने कहा कि 'रुतम दु:खम द्रावयति नाशयतितीरूद्रः' अर्थात रुद्राभिषेक से शिव सभी के दुखों का नाश कर देते हैं। इस शुभ अवसर पर प्रबंधक एवं प्राचार्य द्वारा छात्राओं को स्मार्टफोन भी वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण कर्मचारीगण एवं छात्राएं सम्मिलित रहीं।

# विश्व जनसंख्या दिवस : शैक्षिक विमर्श

विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर 'खाद्य सुरक्षा एवं जनसंख्या विस्फोट' विषय पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष प्रो॰ आभा सक्सेना ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह वार्षिक उत्सव वैश्विक जनसंख्या वृद्धि के विषय से हमें अवगत कराता है और साथ ही साथ भविष्य की पीढ़ियों के लिए अधिक अनुकूल और टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए अनेक प्रस्तावों को भी सामने लाता है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर जनसंख्या की जटिलताओं और उसके निहितार्थों को उजागर करने के लिए नारों एवं नए नए थीम का उपयोग किया जाता है जिससे विश्व जागरूक हो।

इस आभाषीय पटल पर विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो॰ रमा पाण्डेय, प्रो॰ कुमुद सिंह, डॉ॰ शोभा प्रजापति, डॉ॰ सुनीता सिंह, डॉ॰ शृंखला, डॉ॰ बंदनी, डॉ॰ साधना, डॉ॰ दुर्गा, डॉ॰ श्वेता सिंह, डॉ॰ बृजेश पाण्डेय, डॉ॰ विनीता पाण्डेय, डॉ॰ मीना अग्रवाल, डॉ॰ उषा चौधरी व एम.ए. एवं बी.ए. की छात्राओं ने भी उक्त विषय पर अपने विचार रखें।



Scanned with OKEN Scanner

## एनसीसी बटालियन द्वारा किया गया पौधारोपण

महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में 18 जुलाई, 2023 को 100 यू.पी. बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए डॉ॰ उषा बालचंदानी ने कहा कि पेड़–पौधे जीवन का आधार है साथ ही साथ मानव जाति का परम मित्र भी है। अतः समय–समय पर वृक्षारोपण कर धरती की हरितीमा बनाए रखने के साथ–साथ मनुष्य अपने जीवन की रक्षा भी करता है। वृक्षारोपण के प्रति देश के प्रत्येक नागरिक को जागरुक होने की आवश्यकता है। औद्योगिकरण के बढ़ते प्रभाव के कारण विश्व में पेड़ों की अन्धा–धुन्ध कटाई हो रही है। जिससे हमारे आस–पास का वातावरण असन्तुलित होता जा रहा है। जिसके कारण हमें प्रत्येक वर्ष दैवीय आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। इन आपदाओं से बचने का एक ही रास्ता है कि वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाय जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की कैडेट पूजा मौर्य, अमीषा पटेल इत्यादि अनेक कैडेट्स ने पौधा रोपण किया।



## मलिन बस्ती भ्रमण कार्यक्रम

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में 23 जुलाई, 2023 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा बी.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, कौशल विकास पाठ्यक्रम की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु क्रमशः मलिन बस्ती एवं प्राथमिक पाठशाला, कबीरचौरा ले जाया गया। भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ॰ दुर्गा गौतम व डॉ॰ मीना अग्रवाल एवं डॉ॰ श्वेता सिंह व डॉ॰ वंदिनी द्वारा किया गया।





## शैक्षिक भ्रमण



रचनात्मक कौशल के गांधीवादी आयाम के अन्तर्गत बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं को मलिन बस्ती भ्रमण हेतु 27 जुलाई, 23 को परमानन्दपुर स्थित मलिन बस्ती ले जाया गया जिसमें बच्चों ने मलिन बस्ती जाकर वहां की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्थिति का अध्ययन किया। इसी क्रम में बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं को शिल्प शिक्षण के अन्तर्गत मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रशिक्षण देने हेतु परमानन्दपुर गांव में ले जाया गया। इस भ्रमण में छात्राएं विभाग की डॉ॰ उषा चौधरी, डॉ॰ श्वेता सिंह, शोभा प्रजापति, डॉ॰ वंदनी की देखरेख रही।

## मुंशी प्रेमचन्द जयन्ती



महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में मुंशी प्रेमचन्द जयन्ती (31 जुलाई, 2023) के अवसर पर कफन : पुनर्पाठ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन सेमिनार हॉल, कला संकाय में हिन्दी विभाग द्वारा किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. रामसुधार सिंह (पूर्व आचार्य हिन्दी यू.पी. कॉलेज, वाराणसी) ने कफन कहानी का अत्यंत ही मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी पुनर्पाठ प्रस्तुत किया जो निश्चित रूप से छात्राएं कफन कहानी में निहित संवेदना को समझने में अवगत हुई होंगी। साथ ही साथ इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो॰ अर्चना सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि कफन एक ऐसे सामाजिक व्यवस्था की कहानी है जो श्रम के प्रति आदमी में हतोत्साह पैदा करती है क्योंकि उस श्रम की उसे कोई सार्थकता दिखाई नहीं देती। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में व्याप्त शोषण एवं उसके दुष्परिणामों को भी सशक्त ढंग से इस कहानी में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी सम्मानित प्रवक्तागण– डॉ॰ आरती सिंह, डॉ॰ प्रतिमा, डॉ॰ राजकुमारी रानी, डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव, डॉ॰ सुधा यादव, डॉ॰ सुमन सिंह, डॉ॰ प्रिया भारतीय एवं महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ॰ आरती सिंह द्वारा किया गया।



## विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त, 2023)



महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया। इस अवसर कला एवं मानविकी संकाय की अध्यक्ष एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो॰ सुमन मिश्रा, श्रीमती दिव्या पाल, डॉ॰ अंजली त्यागी, डॉ॰ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ॰ अन्नु श्रीवास्तव, डॉ॰ निमिषा पांडे, डॉ॰ अर्चना सिंह व श्रीमती आराधना सिन्हा उपस्थित रहीं कार्यक्रम में प्रोफेसर सुमन मिश्रा ने स्तनपान की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा डॉ॰ अर्चना श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में स्तनपान को अमृत पान बताया। इसी क्रम में डॉ॰ अर्चना सिंह ने कामकाजी महिलाओं द्वारा स्तनपान कराए जाने पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा प्राची सिंह ने 'मां का आंचल' कविता का पाठ किया। कार्यक्रम में विभिन्न छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती आराधना सिन्हा ने किया।

## अखण्ड भारत एक संकल्प



महाविद्यालय में 14 अगस्त, 2023 को अखण्ड भारत संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की एकल एवं सामूहिक प्रस्तुति की गयी तथा भारत को अखण्ड बनाने का भी संकल्प लिया गया। साथ ही यह भी संदेश दिया गया कि आने वाली पीढ़ी के साथ समाज के लोगों को भी अपने देश की अखण्डता एवं अक्षुण्णता बनाएं रखने में अपना सम्पूर्ण सहयोग एवं समर्पण देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओजस्वी प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह एवं समस्त प्रवक्तागण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

## स्वतंत्रता दिवस



महाविद्यालय के दोनों परिसरों में 15 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। परमानन्दपुर परिसर में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे किया गया जिसका संचालन डॉ॰ अंजली त्यागी द्वारा किया गया एवं परिसर व्यवस्था प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। इस अवसर पर कला संकाय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की एकल एवं सामूहिक एवं शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति की गयी तथा बुलानाला परिसर में ध्वजारोहन प्रातः 10 बजे किया गया जिसका संचालन प्रो॰ आभा सक्सेना ने किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।



## शिक्षक दिवस : 5 सितम्बर

### ज्ञान का प्रबंधन एवं नवोन्मेषी शिक्षण करना शिक्षक का प्रमुख दायित्व है

\- प्रो हरिकेश सिंह




महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षकों से अपेक्षाएं' विषय पर एक राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरंभ गुरु वंदना से हुआ। संगोष्ठी में अभ्यागतों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने अपने उद्बोधन में डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो अपने विद्यार्थी के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन ला सके, और उसे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें। शिक्षक को जीवन पर्यंत शिक्षार्थी बने रहना चाहिए। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रोफेसर आभा सक्सेना ने कहा कि विद्या वह है जो हमें अज्ञानता, भय एवं संकीर्णता से मुक्त करती है। शिक्षा के तीन आधार स्तंभ छात्र, अध्यापक एवं अभिभावक होते हैं तीनों के समन्वय के बिना शैक्षिक त्रिभुज की कल्पना असंभव है। इसमें सर्व प्रमुख भूमिका होती है शिक्षक की जो विद्यार्थी में सृजनात्मक विचार पैदा करता है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा,बिहार ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपने मूल उद्देश्यों में तभी सफल होगी जब शिक्षक इसके सापेक्ष अपनी भूमिका का निर्वाह निष्ठा पूर्वक करेगा और कक्षा के सभी छात्रों में सृजनात्मक सोच पैदा करेगा। शिक्षक में ज्ञानार्जन ही नहीं अपितु मूल्यांकन और संप्रेषण की भी योग्यता होनी चाहिए वर्तमान समय में शिक्षक को संज्ञानात्मक, क्रियात्मक तथा अनुभवात्मक तीनों क्षेत्रों में पारंगत होने की आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षक का प्रमुख दायित्व ज्ञान का प्रबंधन एवं नवाचारी शिक्षण करना है। विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर रक्षा सिंह अर्थशास्त्र विभाग, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्य प्रदेश ने कहा कि छात्रों को किसी विषय वर्ग में नहीं बांधना चाहिए बल्कि उनको उनकी अभिरुचि के अनुसार स्वतंत्र विषय चयन हेतु प्रेरित करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वह विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर सृजनात्मक प्रवृत्ति को विकसित करें और हमें सुपर पावर बनना है तो बहु विषयक शिक्षा की ओर अग्रसर होना पड़ेगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ॰ सुमन सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अनीता सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल, सेवानिवृत्ति प्रो॰ ओ॰पी॰ चौधरी, प्रो॰ दुष्यंत सिंह, प्रो॰ संध्या ओझा, प्रो॰ आकाश, प्रो॰ सुमन मिश्रा, प्रो॰ कुमुद सिंह, डॉ॰ पूनम राय, डॉ॰ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ॰ सरला सिंह, डॉ॰ नंदिनी पटेल, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ श्रृंखला, डॉ॰ बंदिनी, श्रीमती शोभा प्रजापति डॉ॰ उषा चौधरी इत्यादि अनेक प्रवक्तागण कर्मचारी एवं छात्राएं सम्मिलित रही।





Scanned with OKEN Scanner

# विश्व हृदय दिवस : 29 सितम्बर

महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाया गया जिसमें छात्राओं को हृदय से सम्बन्धित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। जिसके अन्तर्गत गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो॰ सुमन मिश्रा जी ने विषय की विषय स्थापना करते हुए मानव जीवन के लिए हृदय की महत्ता को बताया। विभाग की प्रो. अनीता सिंह ने उचित खान–पान से हृदय को स्वस्थ रखने के बारे में बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा हृदय को स्वस्थ रखने की सलाह दी। कॉलेज की प्रबन्धक डॉ॰ मधु अग्रवाल ने दूरभाष से छात्राओं को अपने आशीर्वचन से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ सीमा अस्थाना तथा धन्यवाद डॉ॰ भावना शर्मा ने किया।




# वृद्धजन दिवस : 1 अक्टूबर

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा वृद्धजन दिवस के अवसर पर एक कक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ॰ श्रृंखला ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने परिवार एवं समाज के प्रमुख स्तम्भ वृद्धजन के मान–सम्मान, स्वाभिमान का पूर्ण ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि उनके अनुभव आने वाली युवा पीढ़ी के जीवन पथ को सुगम व सरल बनाने में सहायक होते हैं। अतः आवश्यकता है उनकी उपस्थिति की महत्ता को स्वीकारने की न कि उन्हें उपेक्षित करने की। इस अवसर पर डॉ॰ श्वेता सिंह तथा डॉ॰ विनीता पाण्डेय रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ दुर्गा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ मीना अग्रवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में छात्राएं उपस्थित रहीं।







# महात्मा गांधी-शास्त्री जयन्ती



महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। इस कार्यक्रम में प्रदर्शन कला संकाय की छात्राओं द्वारा भजन 'रघुपति राघव राजा राम' की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो॰ आकाश द्वारा महात्मा गांधी एवं शास्त्रीजी के जीवन वृत्त पर एक संक्षिप्त वक्तव्य प्रस्तुत किया गया जिससे छात्राएं प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर विभाग के समस्त प्रवक्तागण यथा डॉ॰ धनन्जय सहाय, डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव, डॉ॰ सोनम चौधरी, श्रीमती मिनाक्षी मधुर व छात्राएं उपस्थित रहीं।



# स्वच्छता पखवाड़ा

महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में गांधी अध्ययन केन्द्र एवं शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'स्वच्छता पखड़ा' के अन्तर्गत 'स्वच्छता सम्बन्धी नारे' प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांधी अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो॰ आकाश एवं शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता एवं डॉ॰ निशा पाठक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्राचीन इतिहास विभाग की डॉ॰ सरला सिंह एवं हिन्दी विभाग की श्रीमती मेनका सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग लिया। इस प्रतियोगिता में बी॰ए॰ पंचम सेमेस्टर की आंचल पटेल ने प्रथम पंचम सेमेस्टर की आंचल पटेल नं प्रथम पुरस्कार, खुशबू पटेल ने द्वितीय पुरस्कार, आरती पाल ने तृतीय पुरस्कार एवं बी॰ए॰ प्रथम सेमेस्टर की श्रेया रावत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# विश्व खाद्य दिवस

**आयुर्वेद अपनायें, रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाएं**
**-डॉ. नीलम गुप्ता**

विश्व खाद्य दिवस (16 अक्टूबर) के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा उपचारात्मक पेय पदार्थ काढ़ा विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो॰ अनिता सिंह ने खाद्य दिवस मनायें जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ॰ नीलम गुप्ता अपने वक्तव्य में अपने आस–पास उपलब्ध औषधीय गुण वाले मसालों एवं पौधों के सेवन पर बल दिया। डॉ॰ सुमन सिंह ने अन्न एवं जल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर काढ़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रा प्राची प्रथम, रिया पाण्डेय द्वितीय व अर्चना पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ॰ नीलम गुप्ता एवं डॉ॰ सुमन सिंह रहीं। इस अवसर पर प्रो॰ सुमन मिश्रा, डॉ॰ विमा सिंह, डॉ॰ उषा बालचन्दानी, डॉ॰ नीलू गर्ग एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।





Scanned with OKEN Scanner

## शेल्टर होम भ्रमण

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं को 19 अक्टूबर को शेल्टर होम भ्रमण हेतु परमानन्दपुर स्थित शेल्टर होम, शिवपुर ले जाया गया। जिसमें छात्राएं शेल्टर होम में निराश्रितों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा उनकी कार्यप्रणाली से परिचित हुई। जिसमें बी॰ए॰ तथा एम॰ए॰ की छात्राओं सहित समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्तागण सम्मिलित हुए।

## संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस

महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 25 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस पर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति स्थापित करने में 'संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका' विषयक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो॰ आकाश ने अन्तर्राष्ट्रिय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार व विश्व शान्ति के लिए कार्यरत संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्व तथा वैश्विक परिदृश्य में उसकी बढ़ती हुयी भूमिका के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर विभाग के समस्त प्रवक्तागण यथा डॉ॰ धनन्जय सहाय, डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव, डॉ॰ सोनम चौधरी, श्रीमती मिनाक्षी मधुर व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव वाराणसी

(1 नवम्बर, 2023)




काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव वाराणसी 2023 की श्रृंखला में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने कोतवाली जोन में शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान कुमारी नेहा सेठ उपशास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान ईशा नागर द्वितीय स्थान अमीषा पटेल एवं तृतीय स्थान अनुष्का शर्मा ने प्राप्त किया। सितार वादन में प्रथम स्थान अंशिका यादव द्वितीय स्थान प्रिया केशरी एवं तृतीय स्थान पूजा साहनी ने प्राप्त किया। तबला वादन में द्वितीय स्थान अंकिता रक्षित एवं तृतीय स्थान ईशा नागर ने प्राप्त किया एवं कथत नृत्य में दिव्यांशी पाण्डे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में भी प्रिया केशरी एवं पूजा साहनी ने कोतवाली जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्राओं को जनपद स्तर पर पुनः प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया। मंडल स्तर पर अपना स्थान बनाने पर महाविद्यालय की छात्राएं कुमारी अंशिका यादव एवं दिव्यांशी पाण्डे को काशी सांसद सांकृतिक महोत्सव के समापन समारोह में 23 सितम्बर, 2023 को रूद्राक्ष कंवेंशन सेंटर, वाराणसी में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला।

काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में छात्राओं के प्रतिभाग हेतु सफल निर्देशन डॉ॰ अपर्णा शुक्ला, डॉ॰ शिवानी आचार्य, डॉ॰ नीता दीसावाल, श्रीमती चेतना गुजराती द्वारा किया गया।



## श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज का 50वाँ स्थापना दिवस समारोह

महाविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस समारोह पर बुलानाला परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगीत विभाग की छात्राओं ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संतोष अग्रवाल 'हरेकृष्ण ज्वेलर्स', अध्यक्ष अरूण कुमार अग्रवाल 'रूद्रा', प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री डॉ. रूबी साह व प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह तथा महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।













Scanned with OKEN Scanner

## महिलाओं में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता लाने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है : श्री धीरज कुमार

महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में दिनांक 6.11.2023 को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री धीरज कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक ने भारतीय संकल्प पथ फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री कौशल योजना के तहत संचालित सैंपलिंग टेलर एडवांस कोर्स के अंतर्गत लाभार्थियों को 400 सिलाई मशीन वितरित किया और कहा की महिलाओं में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता लाने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए शिक्षा के साथ–साथ यह भी आवश्यक है, जिससे महिलाएं स्वयं के साथ–साथ परिवार को सुदृढ़ बनाते हुए देश के विकास में सहयोग कर सकेंगी।

महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं के पास एक सुनहरा अवसर है जो कि उन्हें जीवन में स्वरोजगार का अवसर प्रदान करेगा। प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त सर्टिफिकेट के द्वारा छात्राएं व महिलाएं भविष्य में स्वयं का स्टार्टअप प्लान कर सकती हैं जिसके लिए सरकार द्वारा लोन की भी सुविधा उपलब्ध करा गई है। इससे महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन मिलेगा और एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। श्री तरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के परिकल्पना का साकार ग्रामीण महिलाओं से ही होगा। प्राचीन समय से चली आ रही कौशल विकास की संकल्पना को प्रधानमंत्री जी ने लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। ग्रामीण महिलाएं व छात्राएं इस अवसर का लाभ उठा सकती है। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो॰ अनीता सिंह द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के साथ–साथ विभिन्न ग्रामीण महिलाओं ने भी कार्यक्रम मे सहभागिता की। सैंपलिंग टेलर एडवांस्ड कोर्स के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने अब तक के अनुभव को लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंधतंत्र की सहायक मंत्री डॉ॰ रूबी शाह, क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सुधांशु श्रीवास्तव, सुश्री रिया यादव, श्री संजय चौधरी, श्री शिरीष भारती, प्रवक्तागण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा 'जनपद स्तरीय युवा उत्सव' का आयोजन 21 नवम्बर, 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज, मलदहिया, वाराणसी में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें प्रदर्शन कला संकाय की छात्रा इशिता मिश्रा (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने लोकगीत एकल गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## स्वीप कार्यक्रम विवरण

**27 नवम्बर, 2023 :** महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'मेरा मत विकाऊ नहीं है' शीर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान की आवश्यकता एवं अनिवार्यता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रिय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो॰ बृज कुमार त्रिपाठी रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल, प्रवक्ता डॉ॰ विनिता पाण्डेय, डॉ॰ मीना अग्रवाल, डॉ॰ निधि वाजपेयी तथा छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**24 जनवरी, 2024 :** महाविद्यालय के बुलानला परिसर के अपराजिता सभागार में राष्ट्रीय स्वीप (Sweep) कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्वीप कार्यक्रम प्रभारी प्रो. आकाश ने छात्राओं को मतदान की महता के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजन मीनाक्षी मधुर, संचालन डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ पूनम राय ने किया गया। विभिन्न विषयों के प्राध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में मिला द्वितीय स्थान



**25 जनवरी, 2024 :** महाविद्यालय की छात्राओं ने 'मतदाता दिवस' के अवसर पर नमो घाट पर आयोजित जनपद स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की उन्नति, प्रियंका, रीमा, सपना, काजल एवं सिद्रा ने प्रतिभाग किया। प्रवक्ता डॉ॰ मीनाक्षी मधुर तथा सुश्री श्रद्धा वर्मा ने उनका उत्साहवर्धन किया।



**1 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग सहित कई विभागों में मतदाता संकल्प पत्र का वितरण किया गया। जंतु विज्ञान विभाग में छात्राओं को मतदान करने की शपथ भी दिलायी गई। डॉ॰ पिंकी त्रिपाठी, डॉ॰ रश्मि सिंह, डॉ॰ विनोद उपाध्याय, डॉ॰ संगीता श्रीवास्तव, डॉ॰ शिवानी सिंह, श्री बब्बन तिवारी, अर्थशास्त्र विभाग की डॉ॰ सुमन गौरव, समाजशास्त्र विभाग की डॉ॰ विनीता पांडेय, डॉ॰ दुर्गा गौतम, डॉ॰ बंदिनी, हिन्दी विभाग की डॉ॰ प्रिया भारतीय, प्राचीन इतिहास विभाग की डॉ॰ नंदिनी पटेल वाणिज्य विभाग की डॉ॰ कंचन सिंह ने छात्राओं को मतदाता संकल्प पत्र वितरित करने में सहयोग प्रदान किया। परमानंदपुर प्रांगण में समाजशास्त्र विभाग की डॉ॰ उषा चौधरी, गृह विज्ञान विभाग की डॉ॰ अर्चना सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ॰ पूनम राय, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ धनंजय सहाय, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर, डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी ने मतदाता जागरूकता में शपथ पत्र का वितरण किया एवं मतदान की शपथ दिलाते हुए उसकी आवश्यकता को बताया।



Scanned with OKEN Scanner

# स्वीप कार्यक्रम विवरण

**5 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को मतदान की अनिवार्यता, आवश्यकता, महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ॰ सोनम चौधरी द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया, डॉ॰ धनंजय सहाय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के महत्व को बताया गया, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर ने वोटर बनने के तरीके को बताया गया, डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी ने मतदान की राष्ट्रीय पर्व बताते हुए सभी छात्राओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो॰ आकांक्षा द्वारा मतदान करने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में डॉ॰ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव, डॉ॰ सुषमा पांडेय, श्री चंद्रकांत, श्री सुनील पटेल समेत अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**12 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में मतदान करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को मतदान करने के तरीको एवं अपने साथ ले जाने वाले पहचान पत्रों के विषय में बताया गया साथ ही राष्ट्र के निर्माण के इस महापर्व की उपादेयता एवं अनिवार्यता के विषय में जानकारी दी गई इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं से पूर्ण रूप से भरा मतदाता संकल्प पत्र वापस लिया गया और जिन छात्राओं ने नहीं भरा था उनसे भरवाया गया। छात्राओं ने अपने प्रश्नों को अपने गुरुजनों से पूछा तथा शत प्रतिशत मतदान करने और करवाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ॰ विनीता पांडेय, डॉ॰ शकुंतला, डॉ॰ पूनम सिंह, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ दुर्गा, डॉ॰ पूनम गौतम, डॉ॰ मीना अग्रवाल, श्री सुरेन्द्र पटेल एवं श्री संतोष समेत अनेक छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## दिव्यांग मित्र समिति : मतदान जागरूकता रैली

**15 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में मतदान के संबंध में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा इसके माध्यम से महाविद्यालय परिसर एवं स्थानीय लोगो को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा मतदान में पूर्ण सहभागिता की शपथ दिलायी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय में मतदान के दिन "दिव्यांग एवं वृद्ध नागरिकों" के सहयोग हेतु दिव्यांग मित्रों का चयन किया गया एवं "दिव्यांग मित्र समिति" का गठन किया गया। रैली में प्रो॰ अनीता सिंह, डॉ॰ पूनम राय, डॉ॰ सोनम चौधरी, श्री सुधीर सिंह, श्री मायाशंकर, श्री सुनील पटेल सहित अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली का समन्वयन डॉ. सोनम चौधरी ने किया।

## "मतदाता जन्मदिवस"



**19 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के बुलानाला प्रांगण में अपराजिता सभागार में SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम बार मतदान करने वाली मतदाताओं के "मतदाता जन्मदिवस" के रूप में मनाया गया। "जनमुख" समाचार पत्र द्वारा मतदान करने वाले छात्राओं का विशेषकर प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाली छात्राओं का एक साक्षात्कार एवं उनके विचारों को जाना गया। इस कार्यक्रम में काफी छात्राओं ने अपना विचार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में न्यूज 24 और etv द्वारा छात्राओं से प्रश्न और चुनावी मुद्दों पर चर्चा कीगई तथा उनके चुनावी मुद्दे और संकल्प जाने गये। राष्ट्र निर्माण में उनके विचार और मतदान के पहलुओं पर बात की गई। कार्यक्रम में डॉ॰ पूनम राय, डॉ॰ विना अग्रवाल, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ कंचन माला यादव, डॉ॰ वेणु वनिता, डॉ॰ दुर्गा गौतम, डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ॰ चंदा रानी, डॉ॰ पूनम गौतम, डॉ॰ विनीता पांडेय, डॉ॰ सतीश सिंह, श्री बच्चन तिवारी, श्री विशाल, श्री अभिषेक एवं श्री संतोष सहित अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम बार मतदाता बनने वाली छात्राओं कि मतदाता के रूप में "जन्मदिवस की बहुत बहुत बधाई" शीर्षक कार्यक्रम का समन्वयन इलेक्टोरल लिटरेसी टीम द्वारा किया गया।



# स्वीप कार्यक्रम विवरण

**23 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के बुलानाला प्रांगण में SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम बार मतदान करने वाली मतदाताओं एवं अन्य मतदाताओं को SVEEP कार्यक्रम के विषय में बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की बात की गई तथा प्रथम चरण के मतदान में मतदान के कम प्रतिशत में होने के दुष्परिणामों की बताया गया। साथ ही मतदान के दिन जिन छात्राओं को दिव्यांग मित्र बनना हो उनके नाम देने को कहा गया एवं दिव्यांग मित्र की जिम्मेदारियों को बताया गया। अंत में मतदान करने की शपथ दिलायी गई।



डॉ. मीनाक्षी मधुर ने कार्यक्रम संयोजन व डॉ॰ धनंजय सहाय ने मतदान की बारीकियों को बताया एवं छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिए, सुश्री प्रियंका मौर्य ने छात्राओं से अपने अनुभव को साझा किया एवं युवाओं के मतदान के दायित्व को बताया, श्री रामनरेश जी ने अपने राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए ग्राम पंचायत के चुनाव पर प्रकाश डाला। "जनमुख" समाचार पत्र द्वारा मतदान करने वाले छात्राओं का विशेषकर प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाली छात्राओं का एक साक्षात्कार एवं उनके विचारों को जाना गया। इस कार्यक्रम में काफी छात्राओं ने अपना विचार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ॰ धनंजय सहाय, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर, सुश्री प्रियंका मौर्य, श्रीमती कंचन श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पलता, श्रीवास्तव, श्री कैलाश कुशवाहा, श्रीमती मीनाक्षी, श्री राजेश शर्मा एवं श्री रामनरेश जी सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मतदान करने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम का समन्वयन इलेक्टोरल लिटरेसी टीम द्वारा किया गया।

**26 अप्रैल, 2024 :** महाविद्यालय के बुलानाला परिसर के अपराजिता सभागार में SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत "जनमुख" समाचार पत्र द्वारा मतदान करने वाले छात्राओं का विशेषकर प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाली छात्राओं का एक साक्षात्कार एवं उनके विचारों को जाना गया। कार्यक्रम में न्यूज 24 द्वारा भी छात्राओं से प्रश्न और चुनावी मुद्दों पर चर्चा की गई। सभी सम्मानित विभागाध्यक्षों ने राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अपनी छात्राओं को भी शामिल किया।



**11 मई, 2024 :** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के बुलानाला प्रांगण के अपराजिता सभागार में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त ख्यातिलब्ध गायिका डॉ॰ सोमा घोष जी एवं फिल्म निर्माता श्री शुभंकर घोष जी मुख्य अतिथि के रूप में आये। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो॰ निशिलेश सिंह जी ने अंगवस्त्रम देकर तथा प्रो संध्या ओझा जी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया श्री शुभंकर जी का स्वागत अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न देकर स्वाचार्य प्रो निशिलेश सिंह जी ने किया। विषय की स्थापना करते हुए प्राचार्य महोदया ने मतदान की महत्ता को बताया एवं सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान में इसके योगदान को बताया। पद्मश्री डॉ॰ सोमा घोष जी ने मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता के लिए महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्राओं से अतीत की तरह संगीत के माध्यम से मतदान में पूर्ण सहभागिता की बात की उन्होंने विशेषकर छात्राओं से अपील की वे अपने मतों का प्रयोग करें। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने विचारों की रखा तथा प्रश्नों को पूछा। डॉ. विना सिंह ने मतदान पर अपने विचारों को रखते हुए इसके दूरगामी प्रभाव को बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलायी गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिवानी आचार्य ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समन्वयन इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

## अन्तर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस : 25 नवम्बर

देवि, माँ, प्राण सहचरी की उपाधियों से विभूपित संसार की आधी आवादी स्त्री, आज भी शोपित प्रताप्ति न हिंसा का शिकार है। स्त्रियों के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने व लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अन्तर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महाविद्यालय में भी उक्त दिवस के अवसर पर राजनीति विभाग द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रो. आकाश ने हिंसा के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए वैश्विक स्तर पर हिंसा उन्मूलन के प्रयासों तथा नीतियों की जानकारी दी। डॉ॰ पूनम रॉय व डॉ॰ सोनम चौधरी ने महिला हिंसा व इससे बचने के उपायों पर चर्चा की। परिचर्चा में उपस्थित छात्राओं मं से बी॰ए॰ प्रथम सेमेस्टर की छात्रा विशाला कमारी, संध्या मौर्या तथा सुगंधा पाण्डेय ने अपने विचार प्रस्तुत किए व अन्य छात्राओं ने प्रश्न पूछे जिनका मुक्तियुक्त उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

## संविधान दिवस / राष्ट्रीय कानून दिवस : 26 नवम्बर

भारतीय इतिहास में 26 नवम्बर, 1949 का महत्त्वपूर्ण स्थान है क्योंकि कई वर्षों के अथम परिश्रम के उपरान्त आज के ही दिन भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ था। भारत में इस अवसर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसके उपलक्ष्य में महाविद्यालय के राजनीति विभाग द्वारा शपथ नियम पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। संविधान निर्माण की सभी महत्त्वपूर्ण तिथियों, संविधान में वर्णित अनुसूचित अनुच्छेदों व स्त्री स्वतन्त्रता के लिए संविधान के महत्त्व पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर डॉ॰ नन्दिनी पटेल, प्रो॰ अनीता सिंह, डॉ॰ अर्चना शर्मा, डॉ॰ निधि बाजपेई, डॉ॰ नीलू गर्ग, डॉ॰ सुधा यादव, डॉ॰ अराधना सिन्हा, डॉ॰ शालिनी श्रीवास्तव आदि अनेक प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आकाश द्वारा किया गया तथा प्रश्नोत्तरी का क्रियान्वयन डॉ॰ पूनम राय व डॉ॰ सोनम चौधरी की देखरखे में किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## महिला अध्ययन केन्द्र : 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो'

महिला अध्ययन केन्द्र एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 को नारी तुम केवल श्रद्धा हो विषय पर विरांगना सभागार में एक विचार गोष्ठी का अयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने स्वागत वक्तव्य दिया एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'एक स्त्री सृजन का सार है जिसमें परिवर्तन करने की शक्ति अपार है' तथा मुख्य अतिथि रहीं डॉ. सारिका सिंह, हिन्दी विभाग, जगतपुर पी.जी. कॉलेज, वाराणसी, ने अपने वक्तव्य में महिलाओं की सशक्त स्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक डॉ. सुमन सिंह ने कहा कि 'नारी और नदियाँ दोनों समान हैं जो हमेशा अबाध गति से प्रवाहित होती रहती हैं।' कार्यक्रम का संचालन सह–समन्वयक डॉ. दुर्गा गौतम एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनिता सिंह ने किया। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा प्राची सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डॉ. मृदुला व्यास, डॉ. निशा पाठक, डॉ. सोनम चौधरी, डॉ. सरला सिंह, डॉ. साधना यादव, शोभा प्रजापति इत्यादि उपस्थित रहीं।



## जी.एस. घुरिये का समाजशास्त्र में योगदान : परिचर्चा (12 दिसम्बर)

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय समाजशास्त्री जी॰ एस॰ घुरिये का समाजशास्त्र में योगदान विषय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो॰ रमा पाण्डेय रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ विनीता पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ श्रृंखला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ॰ मीना अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## विश्व के प्रथम कर्मयोगी है श्री राम : हिमांशु राज पांडे (18 जनवरी)



महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में प्राचीन इतिहास तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिक युग में श्री राम' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का प्रारम्भ मां सरस्वती प्रभु श्री राम तथा महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अग्रिम कड़ी में संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा राम धुन की प्रस्तुति की गई। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने कहा कि राम नाम के अनेक अभिप्राय है। राम सहज, सरल तथा सभी के आदर्श हैं। राम वह ज्योतिपुंज है जो रावण रूपी अहंकार का शमन करते हैं। सत्यतरूजीवन जीने की शैली है राम। तत्पश्चात अभ्यागतों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि राम न केवल जन मानस में बल्कि भारत के कण–कण में व्याप्त है। राम तो आदर्श है जिसे प्राप्त करने की कोशिश प्रत्येक मानव करता है। नर से नारायण बनने की सीख राम ही देते हैं। विषय स्थापना करते हुए प्रोफेसर दुष्यंत सिंह ने कहा कि संपूर्ण ब्रह्मांड में जो तत्व निहित है वो है राम। विष्णु के सातवें अवतार के रूप में अवतरित राम अपनी करुणा, त्याग, प्रेम तथा सतचरित्रता के कारण वर्तमान में भी अनुकरणीय है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री हिमांशु राज पांडे (जीव जंतु कल्याण बोर्ड, प्रदेश प्रभारी) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के प्रथम कर्मयोगी राम है। वे शोपितो, पीड़ितों के नायक हैं, दुर्बल जनों की कवच है राम। भारत की समन्वित संस्कृति की आत्मा है राम। कार्यक्रम के द्वितीय मुख्य वक्ता गौरव मिश्रा (प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) ने अपने उद्बोधन का प्रारंभ जनक नंदिनी सीता की वंदना करते हुए किया और कहा कि सीता को जिसने धारण किया है वह सत्य है और सत्य को जिसने धारण किया है वह है राम। अपने संपूर्ण जीवन चरित्र से स्त्री सम्मान तथा सुरक्षा का कर्तव्य स्थापित करते हैं राम। उन्होंने संक्षिप्त शब्दों में राम के संपूर्ण जीवन गाथा चरित्र को अलंकारिक रूप से प्रस्तुत किया। प्रोफेसर आकाश ने कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' की अवधारणा को वास्तविक रूप में राम ही चरितार्थ करते हैं। इसलिए श्री राम का चरित्र वो आदर्श है जिसका लेशमात्र भी हम ग्रहण कर पाए तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। कार्यक्रम का कुशल एवं सुंदर संचालन डॉ॰ सरला सिंह ने किया तथा कहा कि प्रत्येक हिंदू के घर का बाइबिल है रामायण तथा उस रामायण के नायक है राम। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अनीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में सहायक मंत्री डॉ॰ रूबी शाह, डॉ॰ नंदनी पटेल, डॉ॰ कंचनमाला, डॉ॰ सोनम चौधरी तथा श्री बब्बन तिवारी इत्यादि अनेक प्रवक्तागण तथा छात्राएं उपस्थित रही।



Scanned with OKEN Scanner

## साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता एवं समाधान की दिशाएं



महाविद्यालय की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष पर्यन्त चलने वाले कार्यक्रमों के क्रम में 19 जनवरी, 2024 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता एवं समाधान की दिशाएं' विषय पर ACP Crime Women Cell Varanasi प्रज्ञा पाठक ने मुख्य अतिथि के रूप में साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूप, उसके कारण एवं उसके समाधान के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षकों व छात्राओं के जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह ने मुख्य अतिथि प्रज्ञा पाठक, प्रबंधक मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री रूबी शाह को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो॰ कुमुद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शोभा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में डॉ॰ सुनीता सिंह और डॉ॰ उषा चौधरी ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम में डीन शैक्षणिक प्रो. अनिता सिंह, प्रो॰ सन्ध्या ओझा सहित सभी विषयों के प्रवक्ता व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सुंदर कांड पाठ एवं भजन कीर्तन (20 जनवरी)



महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में 'सुंदर कांड' पाठ कार्यक्रम का आरंभ महाराज श्री अग्रसेन तथा रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण करके हुआ। तत्पश्चात मां सरस्वती, प्रभु श्री राम तथा महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित की गई। सुंदरकांड के पाठ के पश्चात राम संबंधी भजन कीर्तन हुआ तथा प्रभु श्री राम की आरती की गई। सभी में प्रसाद वितरित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सभापति श्री संतोष कुमार अग्रवाल, प्रबंधक डॉ.मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री डॉ॰ रूबी शाह, वित्त मंत्री श्री गौरव अग्रवाल, प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह, श्रीमती रंजना अग्रवाल, श्रीमती दीपाली अग्रवाल, श्री अतुल गोयल, श्री नवीन अग्रवाल, प्रो॰ दुष्यंत सिंह, प्रो॰ सुमन मिश्रा, प्रो॰ आकाश, प्रो॰



कुमुद सिंह, प्रो॰ अनीता सिंह, प्रो॰ आभा सक्सेना, डॉ॰ वंदना उपाध्याय, श्री बब्बन तिवारी, डॉ॰ नंदिनी पटेल, डॉ॰ सरला सिंह, डॉ॰ सुमन सिंह, श्रीमती मीनाक्षी मधुर, डॉ॰ अनु श्रीवास्तव, डॉ॰ भावना शर्मा इत्यादि अनेक प्रवक्तागण, कर्मचारीगण तथा छात्राएं उपस्थित रही तथा सभी ने भक्ति भाव के साथ रामलला का भजन कीर्तन किया।



## रामलला के प्राण- प्रतिष्ठा का हुआ सजीव प्रसारण

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में रामलला के प्राण–प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे अत्यंत श्रद्धा भक्ति के साथ सभी ने देखा। इस सुअवसर पर प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह द्वारा मां सरस्वती, प्रभु श्री राम तथा महाराज श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात भजन कीर्तन करके रामलला की आराधना की गई। संगीत विभाग के छात्राओं द्वारा राम भक्ति के सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी गई। प्राचीन इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ॰ नंदिनी पटेल ने मंदिर





वास्तुकला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागर शैली में निर्मित यह मंदिर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर होगा। इस सुअवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा महाराज श्री अग्रसेन की प्रतिमा तथा महाविद्यालय परिसर की सफाई करके आत्मशुद्धि तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रो आभा सक्सेना, प्रो॰ आकाश, डॉ॰ सरला सिंह, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ सुमन सिंह, डॉ॰ कंचनमाला, श्रीमती मेनका सिंह, डॉ॰ वंदना उपाध्याय, डॉ॰ अपर्णा शुक्ला, डॉ॰ वेणु वनिता, श्री बब्बन तिवारी, डॉ॰ विनीता पांडे, डॉ॰ मीना अग्रवाल, डॉ॰ नीता दिसवाल, श्रीमती चेतना गुजराती इत्यादि अनेक प्रवक्तागण, कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जयंती

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जयंती के अवसर पर परमानन्दपुर परिसर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय स्थापना करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ॰ सोनम चौधरी ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. अनिता सिंह, समाजशास्त्र विभाग की प्रो॰ कुमुद सिंह, वाणिज्य विभाग की डॉ॰ वन्दना उपाध्याय एवं स्नात्तकोत्तर की छात्राओं ने नेताजी के जीवन एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके योगदान के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. आकाश द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ पूनम राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा दिया गया। श्रीमती मीनाक्षी मधुर ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के प्रवक्ता व छात्राएं उपस्थित रहीं।



Scanned with OKEN Scanner

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं को ट्रैकसूट एवं स्पोर्ट्स शूज देकर सम्मानित किया गया

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में 24 जनवरी, 2024 को समाजशास्त्र तथा प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस तथा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती तथा महाराज श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित करके हुआ। प्रबंधक तथा प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि प्रोफेसर विश्वनाथ वर्मा जी को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।तत्पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा राम भजन तथा उत्तर प्रदेश का लोकगीत कजरी की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अग्रिम कड़ी में प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने कहा कि हमारा राज्य उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि उत्तम प्रदेश है और हमारे राज्य की बेटियां सफलता की नई ऊंचाइयों को छूकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दे रही है। महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि उत्तर प्रदेश अध्यात्म, सत्य एवं ज्ञान की तपोभूमि है इसलिए प्राचीन काल में इसे ब्रह्मर्षि देश कहा जाता था। विषय स्थापना करते हुए प्रो दुष्यंत सिंह ने कहा कि बालिकाओं के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है और उत्तर प्रदेश वीरों के साथ वीरांगनाओं की भूमि है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विश्वनाथ वर्मा (प्राचीन इतिहास, हरिश्चंद्र पी.जी. कॉलेज, वाराणसी) ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश की विभिन्न उपलब्धियां पर प्रकाश डाला इसके साथ ही राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर श्रीमती दुर्गा गौतम ने "ये अंत नहीं शुरुआत है" कविता तथा डॉ॰ विनीता पांडे ने वक्तव्य दिया। डॉ॰ नंदिनी पटेल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है जिससे शारीरिक के साथ ही मानसिक विकास होता है उक्त अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट तथा स्पोर्ट्स शूज देकर सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर आभा सक्सेना ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ कंचन माला द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ॰ सरला सिंह, डॉ॰ वंदनी, डॉ॰ श्वेता सिंह, डॉ॰ मीना अग्रवाल इत्यादि अनेक प्रवक्तागण तथा छात्राएं उपस्थित रही।





# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ७५वां गणतंत्र दिवस



महाविद्यालय के बुलानाला तथा परमानंदपुर परिसर में 26 जनवरी 2024 को 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर ध्वजारोहण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह द्वारा प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में प्रातः 10 बजे प्राचार्य एवं प्रबंधन तंत्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत एवं ध्वज गीत की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अपने तिरंगे पर अभिमान तथा गर्व है जो हमे सदैव हमारी आज़ादी का संदेश देता है और याद दिलाता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज के संदेश का वाचन किया गया। प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और गणतंत्र में संविधान की महत्ता को बताते हुए कहा कि संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है और हमें जो आजादी मिली है उसे हमें संजोकर रखना है। प्रबंधतंत्र की सहायक मंत्री डॉ. रूबी शाह ने कहा कि गणतंत्र का अर्थ है कि राज्य की सर्वोच्च शक्ति लोगों में निहित होती है और 26 जनवरी उसी गणतंत्र का प्रतीक है। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो.आभा सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राज किशोर अग्रवाल, डॉ. रितु गर्ग, श्री योगेश अग्रवाल, श्रीमती शालिनी अग्रवाल, श्री हरेकृष्ण अग्रवाल, श्री मनीष अग्रवाल, समस्त प्रवक्तागण, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम से हुआ।



# महात्मा गांधी के शहीद दिवस एवं 'फाइलेरिया उन्मूलन अभियान'

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर गांधी अध्ययन केन्द्र द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सामुदायिक केन्द्र द्वारा 'फाइलेरिया उन्मूलन अभियान' के अन्तर्गत फाइलेरिया से बचाव हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें फाइलेरिया से स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।





Scanned with OKEN Scanner

31 जनवरी, 2024

## सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम



महाविद्यालय के बुलानला परिसर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी क्लब द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया नाटक के अनन्या पात्रा, सलोनी गुप्ता, नौशीन खान, जान्हवी, इशा शेख, भूमिका कुरेल, खुशी यादव, वरीशा अंसारी, स्वास्तिक गुप्ता द्वारा प्रस्तुति दी गयी। नुक्कड़ नाटक का निर्देशन डॉ॰ प्रिया भारतीय और डॉ॰ बंदिनी ने किया।

## संवाद से ही संवेदनाओ का प्रकाट्य होता है



श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज के बुलानाला परिसर "Time To Talk Day" के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2024 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता प्रो॰ अन्शु शुक्ला, वरिष्ठ काउंसलर, ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज लोग संवादहीन होते जा रहे है। जब वेदना सम हो जाए तो मानवीयता का पक्ष उजागर होता है। वक्ता श्री अर्पित त्रिपाठी, स्कूल काउंसलर ने कहा कि मन की गांठ खोलने के लिए अपनी बात सही व्यक्ति सही समय व सही जगह पर व्यक्त करें। अतिथियों का स्वागत व विषय स्थापना करते हुए प्रो॰ आभा सक्सेना ने कहा कि बात करने से व्यक्तिगत समस्या सुलझती है तथा आन्तरिक सम्बन्ध मजबूत होते हैं। अग्रिम कड़ी में महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल ने आशीर्वचन देते हुए कहा की बात करने से ही समस्या का समाधान होता है, छात्राओं का अपने माता–पिता से हमेशा संवाद होते रहना चाहिए। इस अवसर पर अर्थमंत्री श्री गौरव अग्रवाल जी की उपस्थिति ने छात्राओं का उत्साहवर्धक किया। डॉ॰ अनिता सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक ने छात्राओं को कहा की मन की गुत्थियों को हमेशा सुलझाते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ आराधना श्रीवास्तव ने किया और कहा कि 'आओ कुछ इस तरह बात करते है, एक दुसरे के दिल का घाव भरते है।' धन्यवाद ज्ञापन प्रो॰ संध्या ओझा ने किया। इस अवसर पर अनेक प्रवक्तागण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

## ? प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 7 फरवरी, 2024 को स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारम्भ समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. आभा सक्सेना द्वारा किया गया। क्विज मास्टर के रूप में डॉ॰ श्रृंखला एवं डॉ॰ विनीता पाण्डेय रहीं। कार्यक्रम में विभाग की डॉ॰ बंदिनी, डॉ॰ दुर्गा गौतम, डॉ॰ श्वेता सिंह एवं डॉ॰ मीना अग्रवाल की सक्रिय सहभागिता रही। छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बंदिनी द्वारा दिया गया।



## पांच दिवसीय रोवर रेंजर्स शिविर





महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में इंदिरा रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रवेश शिविर का समापन हुआ। शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य के अध्यक्षता में दिनांक 5 फरवरी, 24 को हुआ। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रेंजर्स व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान करता है एवं हर परिरिथति के लिए तैयार रहने की क्षमता का विकास करता है। इस अवसर पर रेंजर्स प्रशिक्षिका श्रीमती मीना, सुश्री शकला खातून, महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ॰ साधना यादव, सह प्रभारी श्रीमती मेनका सिंह, डॉ॰ शुभ्रा वर्मा सहित परीक्षा नियंत्रक प्रो॰ दुष्यन्त सिंह, प्रो॰ कुमुद सिंह एवं विभिन्न विषयों के प्रवक्ता व छात्राएं उपस्थित रहीं। पांच दिवसीय शिविर में रेंजर्स को गाँठ बांधनें, टेंट बनाने, कम संसाधन में अपने कार्य को पूर्ण करने, मार्च पास्ट करने व ताली बजाने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के चौथे दिन बच्चों द्वारा लगाये गये टेंट का निरीक्षण मुख्य अतिथि रेंजर्स की नोडल अधिकारी डॉ॰ प्रतिमा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश, प्रबंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री रूबी शाह ने बच्चों को रेंजर्स के उद्देश्य को बताते हुए उन्हें सदैव अपने कर्त्तव्य पथ पर अडिग रहने हेतु प्रेरित किया। शिविर में 36 रेंजर्स ने प्रतिभाग तथा पौधरोपण किया गया।

## 'श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव (10 फरवरी, 24)



शासन के निर्देशानुसार श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव हेतु पेंटिंग एवं वेशभूषा कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के अपराजिता एवं परमानन्दपुर दोनों परिसर में सांस्कृतिक केन्द के द्वारा किया गया। बुलानला परिसर में पेंटिंग प्रतियोगिता में बी॰ए॰ पंचम सेमेस्टर की सिद्धि केशरी ने प्रथम स्थान, एम॰ए॰ तृतीय सेमेस्टर की हिना आजाद ने द्वितीय स्थान एवं बी॰ए॰ तृतीय सेमेस्टर की कोमल निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परमानन्दपुर परिसर में बी॰ए॰ पंचम सेमेस्टर की सारिका सिंह ने प्रथम। वेशभूषा कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, शबरी व वैद्य के किरदार का मनमोहक अभिनय किया। बुलानाला व परमानन्दपुर परिसर में इन कार्यक्रमों का निर्देशन डॉ॰ अपर्णा शुक्ला, डॉ॰ वेणु वनिता, डॉ॰ नीता दिसवाल, डॉ॰ शिवानी शुक्ला, डॉ॰ सुधा यादव, डॉ॰ शृंखला, डॉ॰ साधना, डॉ॰ मेनका सिंह, डॉ॰ नंदिनी पटेल।

## स्मार्ट पैनल का उद्घाटन



स्मार्ट पैनल के उद्घाटन के अवसर पर महाविद्यालय के प्रवंधक डॉ॰ मधु अग्रवाल, सहायक मंत्री डॉ॰ रूवी शाह, प्राचार्य प्रो.मिथिलेश सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक तथा आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर अनीता सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर आभा सक्सेना के साथ ही IQAC के समस्त सम्मानित प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।



Scanned with OKEN Scanner

# विश्व स्वास्थ्य दिवस : 7 अप्रैल





महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग के आहार एवं पोषण विज्ञान, प्रसार एवं संचार शाखा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं डाइट इंक्वायरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्रवक्ताओं एवं छात्राओं द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर परमानंदपुर गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो॰ अनीता सिंह ने ग्रामीण महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखने के उपाय बताएं। डॉ॰ अर्चना श्रीवास्तव ने महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के अलावा भोजन ग्रहण करने के तरीके समझाएं तथा डॉ॰ आकृति मिश्रा ने स्वास्थ्य के लिए धूम्रपान एवं नशाखोरी को हानिकारक बताया। इस दौरान प्रसार एवं संचार शाखा की छात्रा आकांक्षा सिंह ने 'पालक की बर्फी' बनाना सिखाया, साथ ही आहार एवं पोषण विज्ञान शाखा की छात्रा पिंकी ने श्स्वास्थ्य को दें पहला, स्थान तभी होगा बीमारियों का निदानश पर विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ॰ रुचि त्रिपाठी, डॉ॰ दिव्या राय, डॉ॰ नीलू गर्ग, डॉ॰ अर्चना सिंह, डॉ॰ शालिनी श्रीवास्तव एवं प्रयोगशाला सहायक श्रीमती माधुरी यादव एवं श्रीमती आराधना सिन्हा उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सुमन मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना की।

## बी.वॉक. की डिग्री हुई प्राप्त

एक लंबे इंतजार के बाद अंततः 2 मई, 2024 को महाविद्यालय (बुलानाला/परमानंदपुर परिसर) को बी. वॉक. (फूड प्रोसेसिंग और इंटीरियर डिजाइनिंग सत्र 2017–18 एवं 2018–19) की डिग्री महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा प्रदान की गई। बहुप्रतीक्षित इस डिग्री के मिलने से छात्राओं में अत्यंत हर्ष और उल्लास व्याप्त है।

## मानव स्वास्थ्य पर थायराइड का प्रभाव

महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा मानव स्वास्थ्य पर थायराइड का प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो॰ सुमन मिश्रा द्वारा अभ्यागतों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ॰ अर्चना श्रीवात्सव द्वारा विषय स्थापना की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह ने अपने वक्तव्य द्वारा छात्राओं को थायराइड के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनीता सिंह ने थायराइड में भोजन, पोषण एवं आयोडीन के महत्व के विषय में बताया तथा थायराइड से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी दी। उपरोक्त विषय पर डॉ॰ विभा सिंह ने हाइपर एवं हाइपो थायराइड के विषय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ॰ आकृति मिश्रा एवं डॉ॰ दिव्या राय ने छात्राओं को थायराइड के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में डॉ॰ अंजली त्यागी, डॉ॰ सीमा अस्थाना, डॉ॰ सुमन तिवारी, डॉ॰ अनु श्रीवास्तव, डॉ॰ निमिषा पाण्डेय, डॉ॰ नीलू गर्ग, डॉ॰ शालिनी श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता कर स्वयं को थायराइड से बचाने का प्रण लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ अर्चना सिंह एव धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ भावना शर्मा ने किया। कार्यक्रम में स्नातक व परास्नातक स्तर की अंजली गौर, प्रीति राव, दीप्ति, नीतू सिंह, प्रीति पटेल स्नेहा पटेल आदि विभिन्न छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।





Scanned with OKEN Scanner